फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री मोतीसिंह पिता सरदारसिंह निवासी हिलाना सारोठ वाया जवाजा तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 07/2019**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 04.04.2019 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम द्वारा जरिये पत्रांक प. रीडर/सु0अ0/19/273–74 दिनांक 05.03.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी को कार्यालय में उपलब्ध वांछित सूचना पटवारी हल्का सारोठ से प्राप्त जरिये पत्रांक 529–30 दिनांक 17.05.2018 द्वारा उपलब्ध प्रेषित कर दी गई है। अपीलार्थी द्वारा धारा 91 के तहत कार्यवाही रिपोर्ट मौका सूचना चाही गई थी। वक्त सूचना उपलब्ध नहीं होने से नहीं दी जा सकी। अपीलार्थी द्वारा ग्राम सारोठ के आराजी नम्बर 556 में अतिक्रमण के संबंध में मौका रिपोर्ट धारा 91 की पत्रावली प्रति सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत नोटिस अपील में वांछित सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक के प्रेषित कि जा चुकी है। अपील निरस्त फरमावें। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार भीम द्वारा प्रार्थी/अपीलार्थी को जरिये डाक से वांछित सूचना भिजवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर